॥ ॐ इदम् ॥

'विषम-पद-सङ्केत'-टीकया तथाऽन्याभिष्टिप्पणीभिः संवलितं
भारत-भाषानुवाद-भूषितञ्च वृद्ध-स्वच्छन्द-तन्त्र-प्रोक्तं

श्रीबहुरूपगर्भ-स्तोत्रम्

सङ्ग्राहकः संयोजकश्च —
पं० श्री शम्भुनाथ राजदानः
पुरुषयार, श्रीनगर, काश्मीर

प्रधान-सम्पादकः —
डा० मण्डन मिश्रः, प्राचार्यः

★

अनुवादकः सम्पादकश्च —
डा० रुद्रदेव त्रिपाठी

★

प्रकाशकः —
श्रीलालबहादुरशास्त्री-केन्द्रीय-संस्कृत-विद्यापीठम्
नई दिल्ली-११००१६

॥ ॐ इदम् ॥

विषम-पद-सङ्केत-टीकया तथाऽन्याभिष्टिप्पणीभिः संवलितं

भारत-भाषानुवाद-भूषितञ्च

वृद्ध-स्वच्छन्दतन्त्र-प्रोक्तं

श्रीबहुरूपगर्भ-स्तोत्रम्

सङ्ग्राहकः संयोजकश्च—

पं० श्रीशम्भुनाथ-राजदानः

पुरुषयार, श्रीनगर (काश्मीर)

टीकाकारः —श्रीमद्-अनन्तशक्तिः, शैवागमनिष्णातः

टिप्पणीकारः —

(१) पं० श्रीबलजिन्नाथः, शैवागम-विशारदः

भू० पू० अनन्तनागस्थ-महाविद्यालयस्य प्राध्यापकः)

श्रीरणवीर-केन्द्रीय-संस्कृत-विद्यापीठम्, जम्मू (काश्मीर)

(२) पं० श्री गोविन्द भट्टः, शास्त्री,

(३) राजानकः पं० श्री शम्भुनाथः

पुरुषयार, श्रीनगर (काश्मीर)

प्रधान सम्पादकः —

डॉ० मण्डनमिश्रः, प्राचार्यः

अनुवादकः सम्पादकश्च —

डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी

प्रकाशकः —

श्रीलालबहादुर शास्त्री-केन्द्रीय-संस्कृत-विद्यापीठम्

नई दिल्ली-१६

सन् १९८६ ई०

प्रकाशकः —
डा० मण्डनमिश्रः, प्राचार्यः
श्रीलालबहादुरशास्त्री केन्द्रीय-संस्कृत-विद्यापीठम्
शहीदजीतसिंहमार्गः, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-११००१६

प्रकाशन-वर्षम् १९८६ ई०

प्रथमं संस्करणम् ६०० पुस्तकानि

मूल्यम्

मुद्रकः —पङ्कज प्रिण्टर्स, मौजपुर, दिल्ली-११००५३

"भगवान् श्रीबहुरूपो विजयते"

पञ्चवक्त्रस्त्रिपञ्चाक्षो ह्यष्टादशभुजः शिवः ।
स्वच्छन्दभैरवः पायाद् बहुरूपः कृपाकरः ॥
—रुद्रस्य

ॐ

(विषयानुक्रमणिका)

— ० —

प्रधानसम्पादकीयम्

भगवतः श्रीबहुरूपस्य महिमा सर्वातिशायी विद्यते। प्रत्येकमुपासकः परमश्रद्धया सर्वेषां साधनाकर्मणां सम्पूर्तये'श्रीबहुरूप-गर्भ'स्तोत्रस्य पाठ करोति। स्तोत्रमिदं वृद्धस्वच्छन्द-तन्त्रान्तर्गतमिति श्रूयते। तान्त्रिकविज्ञानेन विजृम्भितमिदं काश्मीरनिवासिना राजानक श्रीशम्भु-नाथ-महाभागेन समुद्धृतम्। एतद् हि येन महिम्ना मण्डितं विद्यते तस्य वास्तविकं स्वारस्यं बोधयितुं श्रीशम्भुनाथविद्वद्भिः प्रेरिता विद्वांसः स्वीयां स्वीयां स्वतन्त्रां स्व-स्वबुद्धिबलोदय-विराजितां टिप्पणीं विरच्यास्य भूयोऽपि गौरवमवर्धयन्।

मम समीपे मदीयमित्रवरेण राजस्थानस्य-अलवरनगरस्थितेन तत्रस्य-राजकीय-कला-महाविद्यालयस्य हिन्दी-विभागप्राध्यापकेन डॉ० शिवनकृष्ण रैणा-महाभागेन स्तोत्रमिदं सम्प्रेष्य सूचितोऽहं प्रकाशनाय। तत्रैवाध्यापयता च ममानुजेन डॉ० गजाननमिश्रेण च भूयसाऽऽग्रहेण महत्त्वपूर्णस्यास्य स्तोत्ररत्नस्य भाषानुवादपूर्वकं यथाशीघ्रं मुद्रापयितुमागृहीतोऽहम्। इत्यमाग्रहं महत्त्वमुपयोगित्वञ्च विचार्य विद्यापीठस्यानुसन्धान-विभागीयायां त्रैमासिक्यां पत्रिकायां 'शोध-प्रभा'यां प्रकाशनाय मया निर्णीतं तथाऽपृथग् ग्रन्थरूपेण प्रकाशनमपि काङ्क्षितम्।

अस्य भारत-भाषानुवादेन सह सम्पादनं विधाय डॉ० रुद्रदेव-त्रिपाठिना यः परिश्रमो विहितस्तदर्थं स महानुभावः धन्यवादानर्हति। इदं स्तोत्रं 'शोध-प्रभा'याः श्रीमती-इन्दिरा-गान्धी-श्रद्धाञ्जलि-विशेषाङ्के तथा स्वतन्त्रग्रन्थरूपेणापि प्रकाशितं विद्यते। अहमस्य स्तोत्रस्य पाण्डुलिपि-प्रदानेनोपकृतवतां डॉ० शिवन रैणा-महानुभावानां हृदयेनाभारंस्वीकरोमि तथा-ऽन्येभ्यः कृपालुभ्यष्टीकाटिप्पण्यनुवादादि-विधायकेभ्यः कृतज्ञतां विज्ञाप्य सर्वजनमङ्गलाय स्तोत्र-मिदं पाठकेभ्यः समर्पयामि।

श्री ला० ब० शा० के० सं० विद्यापीठम्
शहीदजीतसिंहमार्गः,
नवदेहली

विद्वदाश्रवः
डॉ० मण्डनमिश्रः
प्रधानसम्पादकः

प्राक्-कथनम्

अघोरभट्टारकभक्ता अत्राद्यत्वेऽप्यसङ्ख्याता उपलभ्यन्ते। आसीत् कोपि समयो यदात्र कश्मीरभूमौ शिवोपासकाः प्रतिग्रामं प्रतिगृहं भगवन्तं महेश्वरं सम्पूज्यात्मानं कृतार्थं मन्यन्ते स्म। एषु दिनेष्वपि केचन पुण्यभाजो भक्तश्रेष्ठाः शिवोपासनायां दृढव्रता भक्त्याकाशे तारका इव विद्योतन्ते। ये खलु पूजारम्भे समाप्तौ च बहुरूपगर्भाख्यं स्तोत्रमिदमाशुतोषिणः श्रीस्वच्छन्द-नाथस्य प्रीत्युत्पादकं परमया भक्त्या समाहितेन मनसा पठन्त आत्मानं पुण्यभाजं मन्यन्ते।

वृद्धस्वच्छन्दतन्त्रान्तर्गतमेतद् बहुरूपगर्भाख्यं स्तोत्रमतीव गूढार्थपूर्णमदीक्षितस्य दुर्बोध्यं चास्ति। श्रद्धायुक्ता भक्ता विनैतत्स्तोत्रं कामप्युपासनां पूजां वाऽपुष्कलां मन्यन्ते। येषु राजानक-शम्भुनाथः परोपकृतितत्परो भक्तप्रवर—इदं स्तोत्रं सद्यः फलप्रदं मुद्रयित्वा भक्तजनोपकाराय प्रकाशनार्थं प्रैरयत्।

श्रीमद्-अनन्तशक्तिरित्याख्येन शैवागमनिष्णातेन विदुषा स्तोत्रमिदं विषमपद-सङ्केताख्यया टीकया समलङ्कृतमस्ति। अनुमीयते चासौ टीकाकर्ता शैवशास्त्राभिज्ञो नानाशास्त्रनिपुणश्चासीत्। टीकेयमस्पष्टार्थप्रकाशनकरी भक्तजनप्रमोदावहा च राजते।

किञ्चानन्तनागस्थ-महाविद्यालयप्राध्यापकेन श्रीबलजिन्नाथशास्त्रिणा शैवागमविशा-रदेनेदं स्तोत्रं टिप्पण्या विभूषितमस्ति।

श्रीमन्तोऽनन्तशक्तेः कालो यद्यप्यज्ञातोऽस्ति, तथापि तस्य नानाशास्त्रज्ञानेन ज्ञायते १६०, ईस्वीतः पूर्वमेवासौ कश्मीरानलञ्चकार जनुषा।

तदेतत्स्तोत्रं मयापि निरीक्षितं लोकोपकारार्थं यत्र कुत्रापि मत्प्रणीतटिप्पणीयुक्तञ्च भवति।

अत्र :—(क) चिह्निता श्रीमदनन्तशक्तिरचिता टीका।

(ख) चिह्निता श्रीबलजिन्नाथशास्त्रिरचिता टिप्पणी।

(ग) चिह्निता मया रचिता टिप्पणी।

(घ) चिह्निता श्रीराजानक-शम्भुनाथरचिता चेति स्वच्छन्दशास्त्रावलोकनपूर्वकं टिप्पण्या स्तोत्रमिदं समलङ्कृतमस्ति।

प्रशंसनीयश्चायं राजानकशम्भुनाथः शिवभक्तिवशीभूतमानसो भक्तेषु स्तोत्रमिदं महता-ऽऽयासेन संस्कृत्य डॉ० मण्डनमिश्र (श्रीलालबहादुरशास्त्रीकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठस्य प्राचार्य)—

महाभागान् सम्प्रेरितवान् तैश्च स्तोत्रस्यास्य महत्त्वमनुभूयास्य भाषानुवादाय डॉ० रुद्रदेव त्रिपाठी (प्राध्यापकः शोधप्रकाशन विभागाध्यक्षश्च) निर्दिष्टः स च महानुभावो 'भारत-भाषानुवादेन समलङ्कृत्य स्वीयेनैव समुचित-सम्पादनेन सपरिश्रमं भैरव-भक्तिमाहात्म्य-तत्त्व-परिपूर्णया विमर्श-वेदिकया सहैतत् प्रकाशितवान् ।

महानुभावैर्विद्वद्भिः काचित् त्रुटिरत्रोपलभ्यते चेत् सा क्षन्तव्या ।

आशासेऽहमनेन पुस्तकेन भक्तजनाः शुद्धं पाठं विज्ञाय पठित्वा चोपकृतिमन्तो भवेयु-रिति ।

विदुषामनुचरः
गोविन्दभट्ट शास्त्री

भूमिका

(१) "शैवदर्शन" मुख्यतः काश्मीर में ही सर्वाधिक फला-फूला है, इसलिए इसे 'काश्मीरी शैवदर्शन' या 'काश्मीरी शैवागम' कहा जाता है। शैवदर्शन दो भागों में विभक्त है : (i) स्पन्दशास्त्र तथा (ii) प्रत्यभिज्ञा शास्त्र। किन्तु व्यवहार में प्रत्यभिज्ञा शब्द से उक्त दोनों का बोध होता है। वर्तमान में शैवदर्शन के लिए प्रत्यभिज्ञा शब्द विशेष प्रचलित है। प्राचीन साहित्य में इसके लिए 'त्रिकदर्शन तथा माहेश्वर दर्शन' आदि नाम भी मिलते हैं।

(२) शैवदर्शन के अनुसार महेश्वर अपनी पञ्चशक्ति अर्थात् चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान, क्रिया को पञ्चमुख के रूप में प्रकट करते हैं। शिव के इन्हीं पञ्चमुखों के नाम हैं :—ईशान, तत्पुरुष, सद्योजात, वामदेव और अघोर। शिव के इन पांच मुखों से ही समस्त तन्त्रशास्त्र का आविर्भाव हुआ। इन पांच मुखों के संघटन से ही—अभेद, भेदाभेद और भेद दशायें प्रकट होती हैं। शिव की भेदप्रधान दशाएँ दस हैं, भेदाभेद-प्रधान अठारह हैं तथा अभेद-प्रधान चौंसठ हैं। उक्त अवस्थाओं से ही उतने तन्त्रों का आविर्भाव हुआ। अतः उन्हें क्रमशः 'शिवतन्त्र, रुद्रतन्त्र तथा भैरवतन्त्र' कहा जाता है।

(३) शिव की अभेद-प्रधान चौंसठ दशाओं का सम्बन्ध भैरवतन्त्र से है, उन्हें 'भैरवावस्था' भी कहा जाता है। शैवदर्शन के अनुसार शिव और शक्ति सदामिलित और अद्वय हैं। शक्ति ही वहिर्मुख होने पर शिव है, और शिव ही वहिर्मुख होने पर शक्ति है। दोनों भाव सनातन हैं। शिव के ईशान, तत्पुरुष तथा सद्योजात, इन तीन मुखों की उद्भूत व उद्भवोन्मुख दो-दो अवस्थाएं होती हैं। इन अवस्थाओं के अनुरूप शिव के तीन मुखों से छह तन्त्रों का आविर्भाव हुआ। इसी प्रकार ईशान, और तत्पुरुष, ईशान और सद्योजात तथा सद्योजात एवं तत्पुरुष से तीन अन्य तन्त्रों का अवतरण हुआ। इन तीनों के मिलन से एक अन्य तन्त्र अवतरित हुआ। इस प्रकार (६+३+१=१०) कुल दस तन्त्र माने जाते हैं। इसी प्रकार भेदाभेद-प्रधान अवस्था से अठारह रुद्रतन्त्र, तथा अभेद-प्रधान से चौंसठ भैरवतन्त्रों का आविर्भाव हुआ। इस प्रकार एक ही समय में उक्त मुखों के लय होने पर आगमों का आविर्भाव हुआ। इन्हें ही 'शिव शक्तिसंयोगरूप' तथा 'अद्वय-स्वभाव-विशिष्ट' कहा गया है। प्रस्थानक्रम से भैरवागमों के भैरवाष्टक, यामलाष्टक आदि आठ अष्टक माने गये हैं। इनमें भैरवाष्टक के आठ प्रकार ये हैं—स्वच्छन्द भैरव, चण्ड भैरव, क्रोध (क्रुद्ध) भैरव, उन्मत्त भैरव, असितांग भैरव, महोच्छुष्म भैरव तथा कङ्कालभैरव।

(४) आगम साहित्य में स्वच्छन्द भैरव को 'स्वच्छ भैरव' 'वृद्ध भैरव' तथा 'शिखा-स्वच्छन्द भैरव' भी कहा जाता है। तन्त्रसाधना की दृष्टि से स्वच्छन्द भैरव भट्टारक हैं। इनकी शक्ति या नायिका कुब्जिका हैं। अतः आगम में इन्हें कुब्जिकेश्वर भी कहा गया है।

आगम ग्रन्थों में ये कुब्जिका एवं कुब्जिकेश्वर स्वच्छन्द भैरव ३२-३२ प्रकार के कहे गये हैं। (कुब्जिकामत तथा भैरवतन्त्र, जो मुख्यतः नेपाल में प्राप्य हैं, इस विषय पर विशेष सामग्री प्रदान करते हैं) उपासना की दृष्टि से विभिन्न आम्नाय से सम्बद्ध विशिष्ट भट्टारक माने गयेहैं। जैसे दक्षिणाम्नाय के महाकाल, उत्तराम्नाय के संहार भट्टारक तथा पूर्वाम्नाय के सदाशिव भट्टारक आदि। स्वच्छन्द भैरव पश्चिमाम्नायके भट्टारक हैं। अत एव ऐहिक फल प्राप्तिके लिए स्वच्छन्द भैरव की उपासना की जाती है। मुख्यतः कश्मीर ही स्वच्छन्दभैरव की उपासना का क्षेत्र रहा है, जहां इन्हें अघोर भट्टारक भी कहा जाता है। सामान्यतः स्वच्छन्दभैरव की उपासना के दो प्रकार हैं – (i) न्यास आदि युक्त तन्त्रोक्त एवं (ii) स्तवादि से युक्त। आगम ग्रन्थों में स्वच्छन्दभैरव की साधना के लिए स्तोत्र, कवच, अर्गला, कीलक, सहस्रनाम आदि सम्पूर्ण साहित्य उपलब्ध है।

(५) बहुरूपगर्भस्तोत्र नामक प्रस्तुत ग्रन्थ कश्मीर के सुप्रसिद्ध साधक विद्वान् की वहुमूल्य रचना है। परम्परा के अनुसार कश्मीर में शिवोपासना के प्रारम्भ तथा समाप्ति पर इस स्तोत्र का पाठ आशुफलप्रद एवं ऐहिक इच्छापूर्ति का अपूर्व साधक माना जाता है। स्वच्छन्दनाथ के साधकों के लिए अत्यधिक उपादेय यह स्तोत्र अत्यधिक रहस्यपूर्ण एवं गूढार्थ से परिपूर्ण है। अत एव इसके विषम पदों से सम्बद्ध रहस्य को उद्घाटित करनेवाली चार विद्वानों की चार विद्वत्तापूर्ण टिप्पणियों से अलङ्कृत करके इसे और भी मूल्यवान् बना दिया गया है।

डॉ० शि० कृ० रैना ने परमोपासक विद्वान् अपने पितामह की धरोहर स्वरूप इस कृति को उनके स्मृति-श्राद्ध के रूप में विद्यापीठ द्वारा मुद्रित करवाकर साधकजगत् का महदुपकार किया है। अतः निःसन्देह डॉ० रैना साधुवाद के पात्र हैं।

महाशिवरात्रि १९८२
अलवर (राज०)

श्याम शर्मा वाशिष्ठ
एम० ए०, पी-एच० डी०, शास्त्री, काव्यतीर्थ

बहुरूप-गर्भ-स्तोत्र : एक अनुचिन्तन

[सम्पादकीय]

☐ स्तोत्र साहित्य और उसका विराट् रूप

वैदिक-वाङ्मय से लौकिक प्रार्थनाओं अनन्तानन्त प्रकारों से अनन्तानन्त ऋषि-महर्षियों द्वारा दृष्ट, श्रुत, प्रतिबोधित एवं निर्मित स्तोत्र साहित्य की परम्परा हिमालय के शिखर से बहने वाली कलिमलनाशिनी भगवती भागीरथी के समान परमपावन, सदातोया, अमृत नीरा, निरर्गलवाहिनी तथा अनन्तानन्तधारावती तो है ही, साथ ही उसका स्वरूप सहस्रशीर्षा, सहस्राक्ष और सहस्रपाद भी है। कोटि-कोटि कमनीय कल-कण्ठों से कूजित हमारा विशाल स्तोत्र-साहित्य जन-मन की जागरूक-जीवनी का जगमगाता ज्योतिर्दीप है और उसका प्रकाश गहन अज्ञान, अहङ्कार, अस्मिता और आर्तियों के अन्धकार को दूर करता हुआ केवल बहिर्लोक को ही द्योतित नहीं करता है, अपितु अन्तर्लोक को भी उद्भासित करता है। उसकी शक्ति अपरिमेय है, वह मात्र आगत आसुरीभावों को ही नष्ट नहीं करता है, अपितु अनागत-आगामी दुर्विचारों को भी निर्मूल बना देता है। इन्हीं सब कारणों से 'स्तोत्र-साहित्य का विराट् रूप' उस परम-पिता, परमात्मा के विराट् रूप के समान ही वन्दनीय है, अभिनन्दनीय है।

☐ स्तोत्र विद्या : आगमिक उदात्त अवदान

वेद, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, पुराण, उपपुराण एवं अन्यान्य ग्रन्थों के माध्यम से सम्प्राप्त स्तोत्र-साहित्य आगमों/तन्त्रों में सामान्य भक्ति, निवेदन, गुण, कर्म, स्थानावतारादि वर्णनों तक ही सीमित न रहकर अपने उदात्त अवदान के रूप में 'स्तोत्र-विद्या' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। 'स्तौतीति-स्तोत्रम्' और 'स्तूयते अनेनेति स्तोत्रम्' की धारणा से ऊपर उठ कर आगमिक-स्तोत्र-वाङ्मय ने 'विद्या' का रूप प्राप्त किया है, जिसमें 'वेत्ति, विंदन्ति, विद्यते' आदि वेद-पदार्थ-बोधक अर्थों की समष्टि समाहित है और तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र-मूलक साधना पद्धति द्वारा साध्य प्रक्रिया के प्रेरक सूत्रों का सुमनोरम सङ्कलन है। तान्त्रिक मन्त्रों के अर्थों में प्रयुक्त 'विद्या' पद के साथ स्तोत्रों ने भी अपनी मान्त्रिकता को मूर्त्तरूप में धारण कर लिया है। इसी दृष्टि से तन्त्र-प्रोक्त स्तोत्र 'माला-मन्त्र' के रूप में सर्वमान्य है तथा उन्हें हम 'विद्या'-पद से समृद्ध मानते हैं। वस्तुतः यह उचित भी है, क्योंकि मन्त्र के मननजन्य त्राणात्मक धर्म का उसमें पूर्णतः आन्नास है तथा उनमें भूयोभूयः पाठात्मिका आवृत्ति से देवता प्रसन्न होकर सकाम सिद्धि प्रदान करते हैं। अतः यह आगमों का एक उदात्त अवदान ही है।

☐ स्तोत्रों के प्रकार और 'नाम-स्तोत्र'

आचार्यों ने स्तोत्रों के प्रकारों का विवेचन करते हुए मुख्यतः १-द्रव्य स्तोत्र, २- कर्म स्तोत्र, ३- विधि स्तोत्र तथा ४- अभिजन स्तोत्र ऐसे चार प्रकार निर्धारित किये हैं और उनमें १- आराधनात्मक, २- अर्चनात्मक एवं ३- प्रार्थनात्मक विषयों का प्रत्येक में समावेश मानकर उसके १२ प्रकारों का निर्देश किया है। किन्तु ये प्रकार यहीं आकर रुके नहीं, अपितु उत्तरोत्तर बढ़ते ही गये। तान्त्रिक प्रक्रिया, साहित्यिक प्रक्रिया और विविधान्य-विषयगर्भ-प्रक्रिया के कारण इनके अनन्त प्रकार बन गये।[1] इन्हीं में इष्टदेव के विभिन्न नामों को मन्त्र रूप में अथवा गुण-कर्मादिवर्णनात्मकरूप में जिन स्तोत्रों को प्रस्तुत किया गया वे 'नाम-स्तोत्र' कहलाते हैं।

☐ नाम-स्तोत्र : एक संक्षिप्त विश्लेषण

ऋग्वेद संहिता में स्तुति करने वाले भक्तजनों को सम्बोधित करते हुए कहा गया है कि—

> तमु स्तोतारः पूर्व्यं यथाविद ऋतस्य गर्भं जनुषा पिपर्तन।
> आस्य जानन्तो नाम चिद् विवक्तन महस्ते विष्णो सुमतिं भजामहे ॥
>
> (ऋ० सं० १/१५६/३)

"हे स्तुति करने वालों! अनादि सिद्ध, नित्य, यज्ञरूप से उत्पन्न उसी विष्णु को अपनी ज्ञानशक्ति के अनुसार स्तोत्रादि से प्रसन्न करते रहो। यह चारों पुरुषार्थों का देने वाला है—ऐसा जानते हुए उस महानुभाव 'विष्णु' के नाम का सङ्कीर्तन करो।"

तथा उपर्युक्त मन्त्र के 'सायण' प्रतिपादित उपर्युल्लिखित अर्थ को और सरल करते हुए अन्य भाष्यकार 'नारायणतीर्थ' ने कहा है कि—

"प्रसिद्ध जगत् के कारण एवं वेदान्त वाक्यों के प्रतिपाद्य परमात्मा के गुणों के अनन्त होने पर भी अपनी मति के अनुसार जन्म भर स्तुति करते रहो। स्तुति के असम्भव होने पर परमात्मा के नाम का ही स्मरण करो।"

इसके अनुसार नाम-स्तुति का भी अपना स्वतन्त्र महत्त्व है। शाण्डिल्य सूत्र के प्राचीन भाष्यकार स्वप्नेश्वर ने भी लिखा है कि "तत्र नाम्नामभिधानं कीर्तनम्" (अ० २, आह्निक २, सूत्र ९८) अर्थात् नामों का कथन-स्मरण ही कीर्तन-भक्ति है। सम्भवतः इन्हीं विशेषताओं के कारण 'नामस्तोत्र' प्रारम्भ हुए जिनमें सङ्ख्याश्रित एवं अनियतनामाश्रित स्तोत्र बने। सहस्रनाम, त्रिशती, अष्टोत्तर शतनामादि इसके उदाहरण हैं। नाम योजना में १- गुण, २- रूप, ३- लीला आदि के वर्णन से युक्त नाम सङ्कलित किये जाते हैं। 'मीमांसा दर्शन' ने 'गुणगुणि-सङ्कीर्तन स्तुतिः' (न्यायसुधा, तन्त्रवार्तिक टीका) कहकर ऐसी नामावली को ही स्तुति कहा है। ब्रह्मयज्ञ में जो नियमित वेदपाठ की परम्परा थी उसकी नियमगत कठिनाई को दूर करने के लिए शुचि

---

१. विशेष जानने के लिए देखिये—शब्दालङ्कार साहित्य का समीक्षात्मक सर्वेक्षण (ले० डा० रुद्रदेव त्रिपाठी)।

नमक महर्षि के पुत्र शौच और अह्नि माता के पुत्र आह्नेय ने ब्रह्मयज्ञ के नियमों में परिवर्तन किया[1] और चलते-फिरते, बैठते-उठते ब्रह्मयज्ञ करने की अनुमति दी।[2] ऐसी सुविधाओं के कारण भी नामस्तुति का महत्त्व बढ़ गया। इतना ही नहीं, कलियुग में नामजप की महिमा की प्रधानता भी शास्त्रों में पर्याप्त कही गई। यथा—

अज्ञानादथवा ज्ञानादुत्तमश्लोकनाम यत्।
सङ्कीर्तितमघं पुंसो दहेदेधो यथाऽनलः॥ (?)
हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम्।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा॥ (नारद पुराण)

तपश्चर्तुमशक्तश्चेद् धनवान् दानमाचरेत्।
उभयोरप्यशक्तः सन् नामसङ्कीर्तनं चरेत्॥ (इत्यादि)

(शाण्डिल्य स्मृति ९५)

प्रस्तुत बहुरूप-गर्भ स्तोत्र

नाम स्तोत्रों की परम्परा में दो पद्धतियां प्राप्त होती हैं १-प्रथमान्त नामावली और २-चतुर्थ्यन्त एवं नमोऽन्त नामावली। प्रस्तुत स्तोत्र में जो नाम हैं वे चतुर्थी विभक्ति और नमः पद से युक्त हैं तथापि यहां प्रत्येक के नाम के साथ नमः पद की योजना न होकर १—कहीं एक पद्य में आये नामों के साथ, २—कहीं दो पद्यों में आये नामों के साथ, ३—कहीं एक ही पद्य के पूर्वार्ध और उत्तरार्ध में दो बार, और ४—कहीं एक ही पद्य में तीन बार भी नमः पद जुड़ा हुआ है। इसी प्रकार नाम-सङ्कलना में द्व्यक्षर नाम से पञ्चदशाक्षर-षोडशाक्षर नाम तक की योजना है। नामों के माध्यम से भगवान् बहुरूप के गुण-कर्मादि की अभिव्यक्ति के साथ ही कहीं-कहीं गम्भीर तान्त्रिक-सङ्केतकारी शब्द भी संयोजित हैं। प्रायः सभी नामों से शिवस्वरूपता स्पष्ट झलकती है। नाम-गणना से ऐसा प्रतीत होता है कि स्तोत्र में किसी विशेष नाम-संख्या को महत्त्व नहीं दिया है तथापि उपासक इसकी नामावली नमोऽन्त और आदि में प्रणवादि लगाकर अर्चना कर सकता है क्योंकि 'गरुडपुराण' का कथन है कि—

प्रणवादि-नमोऽन्तं च चतुर्थ्यन्तं च सत्तम।
देवतायाः स्वकं नाम मूलमन्त्रः प्रकीर्तितः॥

उपासना-शास्त्रों में नामार्चना के अनेकविध विधान हैं, जिनमें सृष्टि, स्थिति, संहार क्रम, त्रिक-क्रम, लोम-विलोम-क्रम आदि प्रकारों से नामावली के पद्यों का पाठ तथा पृथक् नाम-मन्त्र-पाठ विहित है। खड्गमाला-विधान के अनुसार नाम के साथ नमः के अतिरिक्त सम्बद्धयन्त

---

१. ग्रामे मनसा स्वाध्यायमधीयीत। दिवा नक्तं वा इति ह स्माह शौच आह्नेय० इत्यादि (तैत्तिरीय आरण्यक, २/१२)।

२. य एवं विद्वान् महारात्र उषस्युदिते व्रजंस्तिष्ठन्नासीनः शयानोऽरण्ये ग्रामे वा वसन् स्वाध्यायमधीते सर्वाल्लोकान् जयति सर्वाल्लोकाननृणो सञ्चरति। (वही-२/१५)।

स्वाहान्त, तर्पयामि पदान्त, जयजयपदान्त तथा मन्त्रसम्पुटित आदि प्रयोग भी किये जाते हैं, उनका भी इन नामों के साथ प्रयोग किया जा सकता है।[1]

☐ 'भैरव' शब्द की निरुक्तियां एवं विभिन्न अर्थ

'बहुरूप-गर्भ-स्तोत्र' के नाम से प्रसिद्ध इस स्तोत्र को विनियोग में 'अघोर भट्टारक सकल-स्वच्छन्द भैरव-मन्त्र (स्तोत्र)' कहा है तथा इसके ऋषि 'कालाग्निरुद्र भैरव' दर्शित हैं। श्रीस्वच्छन्दनाथ शिव की यहाँ स्तुति की गई है जो कि स्वच्छन्द भैरव के नाम से मान्य हैं। अष्टादश भुजाधारी, पञ्चमुख, रुद्र के पृष्ठ पर विराजमान और गौर वर्णशाली तथा स्वसमान-स्वरूपा भगवती स्वच्छन्द शक्ति को अङ्क में लिये भगवान् बहुरूप-भैरव इसमें स्तुत हैं। शास्त्र-कारों ने भैरव पद की विभिन्न निरुक्तियों के द्वारा भैरव भगवान् को साक्षात् ब्रह्म एवं अन्यान्य अनेक स्वरूपशाली सिद्ध किया है, जिसका विचार इस प्रकार है—उपनिषदों में 'निष्कल-ब्रह्म' के रूप में रुद्र की स्तुति करते हुए उसे भैरव-स्वरूप बतलाया है—

भयादस्याग्निस्तपति भयात् तपति सूर्यः।
भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः॥

कठरुद्रोपनिषत् २/३/३

भीषाऽस्माद् वातः पवते । भीषोदेति सूर्यः।
भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च । मृत्युर्धावति पञ्चमः॥

(तैत्ति० २/८/१)

महद् भयं वज्रमुद्यतम्। (कठोपनिषत् २/३/२)

यह रुद्र का रौद्ररूप है। और 'नमः शम्भवाय च०' 'या ते रुद्र शिवा तनू०' तथा 'असङ्ख्याता सहस्राणि ये रुद्राः०' इत्यादि यजुर्वेदीय मन्त्रों से रुद्र के सौम्य रूप का स्मरण हुआ है। नमकानुवाक में प्रोक्त शिवनाम त्रिशती एवं उसी के अन्त में 'नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये दिवि येषाम्' इत्यादि मन्त्रों से उनके आम्नायात्मक रूपों का जो उल्लेख हुआ है वह वस्तुतः भगवान् बहुरूप का ही वर्णन है। यही बहुरूपता इनके ब्रह्मत्व की प्रतिपादिका है क्योंकि स्वयं बृंहण तथा भक्तों का अभिबृंहण करना ही इनका कार्य है। वेदों में भीम, घनाघन, मन्यु, सद्योजात, वामदेव आदि जो नाम हैं वे भी बहुरूप भैरव के ही विभिन्न स्वरूपात्मक नाम हैं। अतः निष्कल ब्रह्म और सकल ब्रह्म दोनों की स्तुति में भैरव की व्याप्त बहुरूपता प्राप्त होती है। वैसे आचार्यों ने १- भैर्भीमादिभिः साधनैरवतीति भैरवः। २- बिभेति क्लेशो यस्मादिति भैरवः। ३- भी रौतीति भीरुः, भीरुरेव भैरवः। ४- भीर्भयङ्करो रवो यस्य स भैरवः। ५- भैरं दुःखसमूहं वातीति भैरवः। ६- भिया सर्वान् रवयतीति भैरवः। ७- भीरूणां समूहो भैरवः। ८- भरति विश्वमिति भैरवः। ९- बिभर्ति धारयति पुष्णाति रचयतीति भैरवः। १०- विश्वस्य

---

१. इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी के लिये देखें—श्री बटुक भैरवसाधना (ले० डा० रुद्रदेव त्रिपाठी)।

भरणाद् रमणाद् (र वणाद्) वमनाच्च भैरवः इत्यादि व्युत्पत्तियों के द्वारा भगवान् भैरव को सृष्टि-स्थिति-संहृतिकर्ता, सर्वान्तर्यामी आदि व्यक्त किया है। ऐसे बहुरूप-प्रभु-मन्त्र-तन्त्रात्मक प्रस्तुत स्तोत्र का पाठ, अर्थ का मनन एवं तत्व का निदिध्यासन करके सभी लाभान्वित हों— यही कामना है।

इस दृष्टि से पं० श्रीशम्भुनाथजी राजदान ने अत्यन्त परिश्रम से इस स्तोत्र का संग्रह किया तथा इस पर प्राचीनकाल में लिखी हुई पं० श्री अनन्त शक्ति की 'विषम-पद-सङ्केत' नामक टीका को प्राप्त कर उसका उद्धार किया। उनके मन में स्तोत्र की रहस्यात्मकता के और स्पष्टीकरण की भावना उत्पन्न हुई तो उन्होंने शैवदर्शन के मर्मज्ञ पं० बलजिन्नाथजी को प्रेरित कर एक संक्षिप्त टिप्पणी भी लिखवाई। साथ ही उन्होंने पं० श्रीगोविन्द भट्टजी से भी आग्रह किया कि वे भी स्तोत्र की गरिमा के अपने गूढ़-विचारों को 'टिप्पणी' के रूप में अङ्कित करें। तदनुसार एक और लघु 'टिप्पणी' उन्होंने लिखी। वे इतना होने पर भी सन्तुष्ट नहीं हुए और गुरुकृपा से तथा इष्टकृपा से प्राप्त कतिपय विशिष्ट रहस्य सर्वसाधारण को समझाने की दृष्टि से स्वयं उन्होंने भी इस पर एक 'टिप्पणी' की रचना की।

इस प्रकार एक लघु किन्तु महत्त्वपूर्ण स्तोत्र के विभिन्न तान्त्रिक तत्त्वों को कुछ अंशों में समझाने का प्रयास इन टिप्पणियों के द्वारा हुआ है।

काश्मीर-निवासी पं० श्री शम्भुनाथजी राजदान, अपने जीवनकाल में "जम्मू-कश्मीर-ब्राह्मण महामण्डल" के वर्षों तक अध्यक्ष रहे। व्यवसाय से वे संस्कृत के निष्ठावान् शिक्षक तथा व्यवहार से कश्मीर के लब्ध-प्रतिष्ठ कर्मकाण्डी, ज्योतिर्विद् तथा समाज सेवी रहे। उनका स्वर्गवास हुए अब १६-१७ वर्ष हो चुके हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल के अन्तिम चरण में 'श्रीबहुरूपगर्भ-स्तोत्र' का संकलन एवं आलेखन किया था। उनकी यह साध थी कि यह स्तोत्र 'परजन-हिताय' प्रकाशित हो और कश्मीर में 'बहुरूपगर्भ' की जो सम्पन्न परम्परा है, उसे व्यापक प्रचार-प्रसार मिले।

इसी लोक-मङ्गल की भावना से श्री शम्भुनाथजी के विद्वान् पौत्र डॉ० शिबन कृष्णजी रैणा (हिन्दी-विभाग, राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर, राजस्थान) ने अपने पूज्य पितामह की अभिलाषा को पूर्ण करने में सहयोग की कामना करते हुए अपने सहकर्मी मित्र डॉ० गजानन मिश्र (डा० मण्डन मिश्र जी के अनुज) की प्रेरणा से विद्यापीठ के प्राचार्य एवं शोध-प्रभा के प्रधान सम्पादक डॉ० मण्डन मिश्र को प्रस्तुत स्तोत्र और इस पर निर्मित चारों टीका-टिप्पणियों की पाण्डुलिपि मुद्रापणार्थ दी एवं साथ ही भगवान् बहुरूप का एक सुन्दर चित्र भी दिया।

ऐसे महिमाशाली स्तोत्र का प्रकाशन स्वीकृत करते हुए प्राचार्यजी ने प्रसंगवश यह इच्छा व्यक्त की कि 'इस महत्त्वपूर्णस्तोत्र का और इस पर रचित टिप्पणियों का सारभूत अर्थ यदि हिन्दी भाषा में हो जाए तो यह और भी अधिक उपयोगी होगा।' उसी के अनुसार यह अनुवाद कार्य मेरे द्वारा सम्पन्न हुआ। मैंने अनुवाद को 'भारत-भाषाऽनुवाद' की संज्ञा दी है तथा यथा-मति चारों टिप्पणियों के सारांश को इसमें समाविष्ट करने का पूरा प्रयास किया है। अनुवाद-

कार्य यथासमय पूर्ण हो गया था, किन्तु मेरे जयपुर-स्थानान्तरित हो जाने के कारण मुद्रण में विलम्ब हो गया।

अब यह स्तोत्र अपने गौरवपूर्ण स्वरूप के साथ स्वतन्त्र पुस्तक के रूप में तथा 'शोध-प्रभा' के श्रीमतीइन्दिरागान्धी-श्रद्धाञ्जलि-विशेषांक' के साथ प्रकाशित हो रहा है, इसकी हमें प्रसन्नता है। इसके प्रारम्भ में श्री गोविन्द भट्टजी और डा० श्याम शर्मा वाशिष्ठ ने अपने स्तोत्र सम्बन्धी महनीय विचारों से इसे अलङ्कृत किया है, तदर्थ हम उनके आभारी हैं। आदरणीय प्राचार्य डॉ० मण्डन मिश्रजी (प्र० सम्पादक) की उदारदृष्टि से इस स्तोत्र के भारत-भाषानुवाद और विमर्श-वेदिका लेखनपूर्वक सम्पादन का कार्य मेरे द्वारा सम्पन्न हुआ, तदर्थ मैं उनका आभारी हूं। मैंने इस स्तोत्र के समान ही कश्मीर-साधना-परम्परा में प्रथित धर्माचार्य विरचित 'लघुस्तव' को भी मूलरूप में इसके साथ प्रकाशित किया है जिससे शिवशक्ति की सामरस्य भक्ति का आनन्द प्राप्त हो सकेगा। अन्त में 'अपराध क्षमापन स्तोत्र' भी मुद्रित किया है। विश्वास है इस लघुकृति से साधक समुदाय लाभान्वित होगा! 'भगवान् श्री बहुरूप सभी का सार्वत्रिक मङ्गल करें' इसी कामना के साथ मैं यह कृति राजानक पं० श्रीशम्भुनाथजी को समर्पित करता हूं।

अनेकै रूपैः स्वां तनुमतनुरूपां प्रकटयन्,
जगत् सृष्ट्या स्थित्या तदनु हृतिवृत्या च नटयन्।
स्वभक्तानामन्तर्निहितसकलेष्टानि घटयन्,
शिवः शास्ताऽनूपो वसतु बहुरूपो हृदि सदा॥

—रुद्रदेव त्रिपाठी
सम्पादक

॥ ॐ नमो विघ्नहन्त्रे ॥

विषमपदसङ्केताख्यया टीकया तथाऽन्य-टिप्पणीभिः
सङ्कलितं भारत-भाषानुवाद-भूषितञ्च
वृद्ध-स्वच्छन्दतन्त्र-प्रोक्तं

श्रीबहुरूपगर्भ-स्तोत्रम्

□□□

ॐ ब्रह्मादि-कारणातीतं स्वशक्त्यानन्दनिर्भरम् ।
नमामि परमेशानं स्वच्छन्दं वीरनायकम् ॥१॥[1]

[प्रणति-मङ्गल]

ॐ ब्रह्मादि देवों के कारण से रहित, स्वशक्ति के साथ आनन्द में लीन, परम-शिवस्वरूप, स्वच्छन्द वीर नामक भगवान् अघोरभट्टारक को मैं प्रणाम करता हूं ॥१॥

कैलासशिखरासीनं देवदेवं जगद्गुरुम् ।
पप्रच्छ प्रणता देवी भैरवं विगतामयम् ॥२॥

[स्तोत्रावतरणिका]

किसी समय कैलास-शिखर पर विराजमान प्रसन्नचित्त, देवाधिदेव, जगद्-गुरु, श्रीस्वच्छन्दभैरव को प्रणाम करके भगवती जगदम्बा ने उनसे पूछा ॥२॥

श्रीदेव्युवाच

प्रायश्चित्तेषु सर्वेषु समयोल्लङ्घनेषु च ।
महाभयेषु घोरेषु तीव्रोपद्रवभूमिषु ॥३॥
छिद्रस्थानेषु सर्वेषु सदुपायं वद प्रभो ।
येनायासेन रहितो निर्दोषश्च भवेन्नरः ॥४॥

श्रीदेवी ने कहा—

हे प्रभो ! सभी प्रकार के प्रायश्चित्त, समय (शास्त्र-आचार) का उल्लङ्घन,

---

१, टीकाकार एवं टिप्पणीकारों ने इन प्रारम्भिक पद्यों की टीका नहीं की है। (सम्पादक)।

तीव्र उपद्रवों की स्थिति तथा सर्वविध दोषस्थानों के विद्यमान रहने पर भी साधक सरलता-पूर्वक उन दोषों से मुक्त होकर साधना कर सके ऐसा कोई उत्तम उपाय बतलाइये ॥३-४॥

श्रीभैरव उवाच

शृणु देवि परं गुह्यं रहस्यं परमाद्भुतम्।
सर्वपाप-प्रशमनं सर्वदुःख-निवारणम् ॥५॥
प्रायश्चित्तेषु सर्वेषु तीव्रेष्वपि विशोधनम्।
सर्वच्छिद्रापहरणं सर्वार्ति-विनिवारकम् ॥६॥
समयोल्लङ्घने घोरे जपादेव विमोचनम्।
भोग-मोक्षप्रदं चैव सर्वसिद्धि-फलावहम् ॥७॥

श्रीभैरव ने कहा—

हे देवि! परम गुप्त, परम अद्भुत रहस्यरूप, सर्वविध पापों का शमन करनेवाला, सर्व दुःखों का निवारक, सभी प्रकार के तीव्र अथवा सामान्य प्रायश्चित्तों का शोधक, सर्वविध त्रुटियों को दूर करनेवाला, समस्त पीडाओं का निवारक, घोर समय-शास्त्र के आचार का उल्लङ्घन होने पर भी केवल जप-मात्र से ही उसके दोष से मुक्त करानेवाला, भोग एवं मोक्ष का दाता और सर्वसिद्धिप्रद ऐसे (श्रीबहुरूप-गर्भ—) स्तोत्र को मैं कहता हूं। इसे तुम सावधान होकर सुनो ॥५-६-७॥

शतजाप्येन शुद्ध्यन्ति, महापातकिनोऽपि ये।
तदर्धं पातकं हन्ति तत्पादेनोपपातकम् ॥८॥

[स्तोत्र-जप (पाठ) का माहात्म्य]

इस (मेरे द्वारा प्रोक्त-श्रीबहुरूपगर्भस्तोत्र) का सौ बार जप[1] करने से जो महापापी हैं, वे भी शुद्ध हो जाते हैं। पचास बार पाठ करने से पाप का नाश होता है तथा पचीस बार पाठ करने से उपपातकों[2] का नाश होता है ॥८॥

कायिकं वाचिकं चैव मानसं स्पर्शदोषजम्।
प्रमादादिच्छया वापि सकृज्जाप्येन शुद्ध्यति ॥९॥

प्रमादवश अथवा इच्छापूर्वक किये गये कायिक, वाचिक, मानसिक और स्पर्श के कारण उत्पन्न दोष इस स्तोत्र के एक बार पाठ करने से ही दूर हो जाते हैं ॥९॥

---

१. 'यहां 'जप' शब्द का 'पाठ' अर्थ ही ग्राह्य है।
२. पातक और उपपातकों का विवेचन धर्मशास्त्रीय ग्रन्थों में किया गया है। अतः वहीं द्रष्टव्य है।

यागारम्भे च यागान्ते पठितव्यं प्रयत्नतः ।
श्रोतव्यं च सदा भक्त्या परं स्वस्त्ययनं महत् ॥१०॥

पूजा अथवा यज्ञ आदि कर्मों के आरम्भ और अन्त में इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिये तथा भक्तिपूर्वक इसका श्रवण करना चाहिये। यह स्तोत्र अत्युत्तम एवं कल्याण करनेवाला है ॥१०॥

नित्ये नैमित्तिके काम्ये परस्याप्यात्मनोऽपि वा ।
निश्छिद्रकरणं प्रोक्तमभावपरिपूरकम् ॥११॥

यह स्तोत्र किसी अन्य यजमान के लिये अथवा स्वयं के लिये किये जानेवाले नित्य, नैमित्तिक एवं काम्यकर्मों में अज्ञानवश रहजानेवाली त्रुटियों के दोषों को दूर करनेवाला और अभावों की पूर्ति करनेवाला कहा गया है ॥११॥

द्रव्यहीने मन्त्रहीने ज्ञानयोग-विवर्जिते ।
भक्तिश्रद्धा-विरहिते शुद्धिशून्ये विशेषतः ॥१२॥

मनो-विक्षेपदोषे च विलोमे पशुवीक्षिते ।
विधिहीने प्रमादे च जप्तव्यं सर्वकर्मसु ॥१३॥

द्रव्यहीन, मन्त्रहीन, ज्ञान एवं योग से रहित और भक्ति तथा श्रद्धा से शून्य कर्म करने की स्थिति में एवं शुद्धता का अभाव, मन की अस्थिरता, विपरीत क्रिया, पशु (आचार शून्य-व्यक्ति द्वारा) दृष्ट, विधिरहित तथा प्रमाद के कारण हुई त्रुटियों के होने से उत्पन्न दोषों की निवृत्ति के लिये सभी कर्मों में इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिये ॥१२-१३॥

नातः परतरो मन्त्रो नातः परतरः स्तवः ।
नातः परतरा काचित् सम्यक् प्रत्यङ्गिरा प्रिये ! ॥१४॥

हे प्रिये ! इस स्तोत्र से बढ़कर न तो कोई मन्त्र है और न स्तोत्र। तथा इससे अधिक महत्त्ववाली कोई उत्तम प्रत्यङ्गिरा (कृत्यादिदोषशमनी विद्या) भी नहीं है ॥१४॥

इयं समयविद्यानां राजराजेश्वरीश्वरि ! ।
परमाप्यायनं देवि ! भैरवस्य प्रकीर्तितम् ॥१५॥

हे ईश्वरी ! यह स्तोत्रविद्या समस्त विद्याओं की राजराजेश्वरी है, तथा यह स्तोत्र भैरव को पूर्णतः सन्तुष्ट करनेवाला कहा गया है ॥१५॥

प्रीणनं सर्वदेवानां सर्व-सौभाग्य-वर्धनम् ।
स्तवराजमिमं देवि शृणुष्वावहिता प्रिये ॥१६॥

हे प्रिय देवी, सभी देवताओं को प्रसन्न करनेवाले तथा सर्वविध सौभाग्य को बढ़ानेवाले इस 'बहुरूपगर्भ-स्तवराज' को सावधान होकर सुनो ॥१६॥

अथ विनियोगः

अस्य श्रीमदघोरभट्टारक-सकल-स्वच्छन्द-भैरवमन्त्रस्य श्रीकालाग्निरुद्रभैरव ऋषिः पङ्क्तिश्छन्दः सकलभट्टारकाघोरमूर्तिर्देवता ॐ बीजं, ह्रीं शक्तिः, कुरु कुरु कीलकं, श्रीबहुरूपगर्भप्रीत्यर्थं पाठे विनियोगः ।

[स्तोत्र-पाठ के लिये विनियोग]

इस अघोरभट्टारक, सकल-स्वच्छन्द भैरव मन्त्र (स्तोत्र) के कालाग्नि-भैरव ऋषि, पङ्क्ति छन्द, सकल भट्टारक अघोरमूर्ति देवता, ॐ बीज, ह्रीं शक्ति और कुरु कुरु कीलक हैं। भगवान् बहुरूपगर्भ की प्रसन्नता के लिये पाठ का विनियोग किया जाता है।

ध्यानम्

वामे खेटकपाशशार्ङ्गविलसद्-दण्डं च वीणाष्टिके,
बिभ्राणं ध्वजमुद्गरौ स्वनिभदेव्यङ्कं कुठारं करे।
दक्षेऽप्यङ्कुशकन्दलेषु-डमरून् वज्रं त्रिशूलाभयान्,
रुद्रस्थं शरवक्त्रमिन्दुधवलं स्वच्छन्दनाथं स्तुमः ॥

ध्यान-पद्य-व्याख्या—

वयं स्वच्छन्दनाथं स्तुम इति मुख्यं वाक्यम्, शेषाणि पदानि स्वच्छन्दनाथस्य विशेषणानि। तथा हि :— रुद्रस्थं=रुद्रस्य पृष्ठ आरूढं, शरेति पञ्चसंख्या-द्योतकं पदम्। ततः शरवक्त्रं=पञ्चवक्त्रं, पञ्चशिरस्कं, पञ्चमुखम्, इन्दुवत्=चन्द्रवत्, धवलं शुभ्रं सुगौरवर्णमिति। स्वनिभा=स्वसदृशरूपा या देवी=स्वच्छन्दभट्टारकशक्तिः, साङ्के यस्य तमिति कर्मधारयपूर्वपदो बहुव्रीहिः। अङ्के स्वसदृशरूपिणीं देवीं दधानमिति तात्पर्यम्, वामे करे=हस्ते, खेटकं=तदाख्यमायुधं, पाशं, शार्ङ्गं=धनुः, विलसन्तं=शोभमानं, दण्डं, वीणा च अष्टिका चेति ते, अष्टिका=क्षुद्रघण्टा, वीणां क्षुद्रघण्टां च, ध्वजश्च मुद्गरश्चेति तावपि बिभ्राणं=धारयन्तम्। अत्र वरदमुद्रानुक्ताप्यूह्या। शास्त्रान्तरेषु स्वच्छन्दनाथस्याभयवरदमुद्रामण्डितत्वेनोपवर्णितत्वात्। किञ्च वामे हस्तनवके वस्तुनवकधारित्वं भगवतो युक्तं, शास्त्रसम्मतं च। दक्षे - दक्षिणेऽपि करे करनवके कुठारं=परशुम्, अङ्कुशं=सृणिं, कन्दलेषुम्=इक्षुकाण्डं शरत्वेन योज्यमिति भावः। शास्त्रेषु भगवत इक्षुकाण्डशरत्वस्य प्रसिद्धत्वात्। डमरुं=तदाख्यं वाद्यं, वज्रं, त्रिशूलम्, अभयम्=अभयमुद्रां दधानमिति। दक्षिणे करद्वये मुण्ड-खट्वाङ्गधारित्वमपि भगवतः श्लोकेऽनुक्तमपि तावदङ्गीकार्यमेव। शास्त्रेष्वेवमेव तस्य वर्णनात्। किञ्च स्वच्छन्दनाथस्य खड्गधारित्वमपि प्रसिद्धम्। ततः क्वापि हस्ते वस्तुद्वयधारित्वं ज्ञेयं येन केनापि करविशेषेण खड्गधारित्वमपि तस्योपपद्येत। तच्च खड्गधारित्वं मुण्डखट्वाङ्गधारित्वमिवानुक्तमप्यङ्गीकार्यमेव। ध्वजधारित्वस्य शास्त्रान्तरेऽनुक्तत्वेन ध्वजं केनापि वस्त्वन्तरेण साकमेव हस्ते धारयतीत्यूह्यम्। एवंविधशस्त्रव्रातधारिणमभयवरदं श्रीस्वच्छन्दनाथं स्तुम इति।

[ध्यान]

रुद्र के पृष्ठ पर विराजमान, पञ्चमुख, चन्द्रमा के समान गौरवर्ण, अपने ही समान स्वरूपवाली देवी स्वच्छन्द भट्टारक शक्ति जिसके अङ्क में स्थित है तथा जो बांये हाथ में—'१-खेटक, २-पाश, ३-धनुष, ४-दण्ड, ५-वीणा, ६-क्षुद्रघण्टिका, ७-ध्वज, ८-मुद्गर, एवं ९-वरदमुद्रा' तथा उसी प्रकार दाँये हाथ में—१-'परशु, २-अङ्कुश, ३-इक्षुकाण्ड बाण, ४-डमरु, ५-वज्र, ६-त्रिशूल, ७-अभयमुद्रा, ८-मुण्ड तथा ९—खट्वाङ्ग' आयुध धारण किये हुए हैं, ऐसे भगवान् स्वच्छन्दनाथ की हम स्तुति / ध्यान करते हैं।[१]

श्रीभैरव उवाच—

भैरव शब्दस्यार्थः। भैरवो-विश्वभरण-रवण-वमन-रूपः। भीरूणामभयमिति व्युत्पत्त्या संसारिणामभयदः, भयं भीः संसारत्रासस्तया जनितो रवः आक्रन्दः भीरवः ततो जातः तदाक्रन्दवतां स्फुरितः, अस्यैव भी-रवस्य संसारभयविमर्शनस्यायं शक्तिपातवशेनोत्थापः। भाति नक्षत्राणि ईरयति इति भेरः कालः तं वायन्ति-इति भैरवः कालग्राससमाधिरसिकाः योगिनः तेषामयमिति-आन्तरः स्वभावः, भिये पशुजनत्रासाय रवः —

> भरितं वाङ्मयं सर्वं रचितं विश्वमुत्तमम् ।
> वमितं ज्ञानसद्भावं तेन भैरव उच्यते ॥

शब्दराशि-समुत्थाकारादिकलाविमर्शो यासां खेचरी-गोचरी-दिक्चरी-भूचरी-चक्ररूपाणां संविद्देवीनां ताः भीरवास्तासामयं स्वामी भैरवः। इति।

> भियात् (शिवात्) सर्वं रचयति सर्वदो व्यापकोऽखिले ।
> इति भैरवशब्दस्य सततोच्चारणाच्छिवः ॥

—०—

मूल-स्तोत्रपाठः —

> ॐ नमः परमाकाशशायिने परमात्मने ।
> शिवाय परसंशान्त-निरानन्दपदाय ते ॥१॥

(क)[२] परमाकाशे परशिवात्मिकायां स्वभित्तौ शेते विश्राम्यति तदाविष्टो भवति स तथा तस्मै, अत एव परसंशान्तं न तु चित्रम्, अत एवाक्षुब्धत्वान्निरानन्दं यत् पदं तद्रूपः, अत एव परमात्मा यः परश्रेयोरूपः तस्मै नमः तं समाविशामीत्यर्थः।

(ख) शून्यतामात्र-विश्रान्तेर्निरानन्दात्मिका स्थितिः। (मा० वि० वा २.३५) ततो निरानन्दपदम् आणवोपाय उच्चाराभ्यासे साक्षात्कार्यासु षट्स्वानन्दभूमिकासु द्वितीया भूमिका। यो महाप्रकाशमयनिजस्वरूपपरामर्शात्मा शिव इत्येकोऽसामान्यः सदाशिवोऽस्ति तस्मै ॥१॥

---

१. यहाँ टिप्पणीकारों ने 'भैरव' शब्द की निरुक्ति एवं विभिन्न अर्थ दिये हैं, जिनका विचार हमने सम्पादकीय 'विमर्श-वेदिका' में दिया है। कृपया वहीं देखें।

२. यहां (क), (ख) आदि अक्षर भिन्न-भिन्न टीका टिप्पणियों के बोध के लिए निर्दिष्ट हैं।

[मूल स्तोत्र का पाठ]

श्रीभैरव बोले—

परमशिवात्मिका स्वभित्ति में विश्राम करनेवाले, परम शान्त एवं अक्षुब्ध, आणवोपायगत उच्चाराभ्यास में साक्षात्करणोय, छह आनन्द भूमिकाओं में से द्वितीय भूमिका द्वारा प्राप्य, निरानन्दपदरूप तथा महाप्रकाशमय, निजस्वरूप परामर्शात्मा सदाशिव के लिए नमस्कार हो ।।१।।

अवाच्यायाप्रमेयाय प्रमात्रे विश्वहेतवे ।
महासामान्यरूपाय सत्तामात्रैकरूपिणे ।।२।।

(क) अवाच्याय विकल्पविज्ञानागोचराय अप्रमेयाय निर्विकल्पविज्ञानापरिच्छिद्याय अत एव प्रमात्रे एकरूपाय तथात्वेऽपि प्रकाशान्यथानुपपत्त्या तदन्तर्गताय, अत एव सदेकरूपाय नमः ।

(ख) यद्यपि परमेश्वर एव विश्वसृष्टिहेतुः, तथापि परमेश्वरतावस्थायां विश्वस्य प्रकाशमात्र-रूपतयावस्थानमिति परमेश्वरस्य विचित्रसत्तामात्रस्वरूपता, इति टीकाकर्तुरभिप्रायः ।

(ग) अवाच्याय नादरूपाय "स नादो देवदेवेशि प्रोक्तश्चैव सदाशिवः" इति अमृतेशशास्त्रे । विश्वहेतवे सकलस्य वेद्यजातस्य स्वेच्छया स्वभित्तावुन्मीलकाय, सत्तामात्रैकरूपिणे "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म" इत्युक्त्या सत्स्वरूपेणावस्थिताय ।

(घ) मायादेः क्षित्यन्तस्य विश्वस्य हेतवे कारणभूताय तस्मै ।

घोषादि-दशधा शब्द-बीजभूताय शम्भवे ।
नमः शान्तोग्रघोरादि-मन्त्रसन्दर्भगर्भिणे ।।३।।

(क) घोषादिर्योऽसौ दशधा शब्दस्तस्य बीजभूताय कारणभूताय प्रसारणस्थानाय इत्यर्थः । यदुक्तं श्रीमदमृतेशशास्त्रे—

ध्वनिरूपो यदा स्फोटस्त्ववृष्टः शिवविग्रहात् ।
प्रसरत्यतिवेगेन ध्वनिना पूरयत् जगत् ।।
स नादो देवदेवेशि प्रोक्तश्चैव सदाशिवः ।। इति ।

नादश्च श्रीस्वच्छन्दशास्त्रे स्वस्मिन्नेव तन्त्रे —

घोषो रवः स्वनः शब्दः स्फोटाख्यो ध्वनिरेव च ।
झङ्कारो ध्वङ्कृतिश्चैव अष्टौ शब्दाः प्रकीर्तिताः ।।

इत्युद्दिष्टानामष्टानां भेदानां व्यापको नवमो महाशब्दः ।

नवमस्तु महाशब्दः सर्वेषां वाचकः स्मृतः ।
नवत्यसौ सदा यस्मात् सर्वभूतेष्ववस्थितः ।।

इत्यादिना प्रतिपाद्यः

"नादाद् विन्दुः समुत्पन्नः सूर्यकोटिसमप्रभः"।

इत्युपक्रम्य—

"स चैव दशधा ज्ञेयो दशतत्त्वफलप्रदः"।

इत्यनेन श्लोकैकदेशेन भेदनवकसमसामरस्यात्मकमुख्यविन्दुभावाभिधदशमस्वभावसद्भावमभिदधता दशधात्वमेव निरदेशि परमेशिना —इति सूक्तं घोषादीत्यादि। अथवा 'भगवानेव घोषादिर्दशविधः शब्दो नादः श्रीसदाशिवमूर्तिः, इत्याम्नायान्तरोक्तनीत्या भूतानामन्तश्चारित्वाद् वीजं कारणं तस्मै वीजभूतायेति पुनरग्न्याहितवदत्र सूत्रितमिति सूक्तं घोषादित्यादिशान्तोग्रघोरादीत्यादिग्रहणं प्रकारे तेन शान्तत्वादेस्तीव्रमन्दत्वादिना प्रकारग्रहणम्।

(ख) यथा खल्वाहिताग्निरिति शब्दस्य स्थाने 'अग्न्याहितं' इति शब्दः प्रयुज्यते, तथैव भूतवीजायेति वक्तव्ये वीजभूतायेति प्रोक्तं श्लोके।

(ग) घोषादि— दशधा शब्दवीजभूताय— नादो हि दशधा घोषादिनामा (सदाशिवः)—

"नादाख्यं यत्परं ब्रह्म सर्वभूतेष्ववस्थितम्"

इत्याम्नायोक्तरीत्या सर्वभूतानामन्तश्चारित्वाद् वीजकारणं तस्मै।

(घ) अनाहतध्वनिपरमार्थमहामन्त्रवीर्यरूपः परमेश्वरः स्वच्छन्दो निष्कलोऽशेषविश्वसामरस्यवेदनात्मना शिरोरूपाकारकलया घोरतरशक्तिचक्रक्रमेण ब्रह्मविष्णुरुद्रान् पार्थिवप्राकृतमायीयाण्डानि जागरस्वप्नसुषुप्तानि प्रमेय-प्रमाण-प्रमातॄंश्चेति सृष्टि-स्थिति-संहार-विलय-मात्रं भेदमयं जगद् दर्शयति। अतो भगवतो वहुरूपस्य पदार्थद्वारेण यावान् स्फारो व्याख्यातः सोऽस्य भगवतः सर्व एवाभेदेनैवान्तःस्थितः —इति तस्मै शान्तोग्रघोरादिमन्त्रसन्दर्भगर्भिणे, नमः —महारुद्रशक्तित्रयस्फारविवशीभवत्पाशराशिशरीरादिकल्पितप्रमातृपदप्रह्वीभावेन क्षमां विशामीत्यर्थः—

"नमस्कारः परित्यागः कार्यकरणलक्षणः"। इति। नादोऽव्यक्तध्वनिः —

श्रवणाङ्गुलि-संयोगाद् यः शब्दः सम्प्रवर्तते।
दीप्तवह्निस्वनाभासः स शब्दो घोष उच्यते ॥ इति ॥

विकल्पात्मक विज्ञान द्वारा अगोचर अथवा नादरूप, निर्विकल्पात्मक विज्ञान द्वारा अपरिच्छेद्य, प्रमाता, समस्त ज्ञेयमात्र माया से क्षिति-पर्यन्त विश्व को स्वेच्छा से स्वाश्रय में उन्मीलन करने से उसके कारणभूत, अत्यन्त असामान्यरूप प्रकाशमात्ररूप होने के कारण सत्तामात्रैकवेद्य तथा घोषादि दशविध शब्द-नाद के आदिकारण अथवा अनाहतध्वनि के परमार्थरूप महामंत्र के वीर्यरूप; स्वच्छन्द, निष्कल, अशेष विश्व की समरसता से वेद्य शिरोरूपाकार कला के द्वारा घोरतर शक्तिचक्र के क्रम से—ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र; पार्थिव, प्राकृत एवं मायीय अण्ड; जागर, स्वप्न तथा सुषुप्त; प्रमेय, प्रमाण और प्रमाता के सृष्टि-स्थिति-संहार-विलयरूप भेदों के द्वारा दृश्यमान जगत् जिसमें अभेदरूप से स्थित है ऐसे भगवान् बहुरूप, शान्त, उग्र-घोरादि-मन्त्रों के सन्दर्भ से गर्भित सदाशिव के लिये नमस्कार हो ॥२-३॥

रेवतीसङ्गविस्रम्भ-समाश्लेष-विलासिने ।
नमः समरसास्वाद-परानन्दोपभोगिने ॥४॥

(क) र च ई च ते रे, रे विद्येते यस्याः सा रेवती शक्तिः तया सङ्गस्तत्र विस्रम्भेण सामरस्येन यः समाश्लेषस्तन्मयत्वं तेन विलसतीति तच्छीलः, अत एव समरसास्वाद-परमानन्दस्य परमु(मो)पभोक्ता—अनेन रहस्यार्थोऽपि कटाक्षीकृतः ।

(ख) रहस्यार्थोऽत्र कर्पूरस्तवराजादिषु वर्णितश्चर्याक्रमः। (र च ई च—इति तौ यौं, यौं विद्येते यस्याः, रेवतीति पाठोऽत्र शोभनतरः प्रतिभाति) रियावत्र बीजमन्त्रवर्णौ ।

(ग) सततसमवायिन्या शक्त्या सह यो विस्रम्भ-समाश्लेषस्तन्मयत्वं तेन विलासिने, शक्तिशक्तिमतोरभेद इत्युक्त्याऽभेदाख्यः समाश्लेषः ॥४॥

'र् च् ई च् त् र्' अथवा 'र् च् ई च् यौं' बीजमन्त्र वर्णों में निहित रे वर्णद्वय अथवा र् और य् वर्ण जिसमें विद्यमान हैं, ऐसी रेवतीशक्ति के विभ्रमरूप सामरस्य से तन्मयतारूप विलास करनेवाले तथा समरसास्वाद परमानन्द के उपभोक्ता शिव के लिये नमस्कार हो ॥४॥

भोगपाणे नमस्तुभ्यं योगेशीपूजितात्मने[1] ।
द्वय-निर्दलनोद्योग-समुल्लासितमूर्तये ॥५॥

(क) भोगपाण इति —

"भोगो भैरव इत्युक्तो हस्तः शक्तिः परा स्मृता" इति

श्रीवामेतरया शक्त्या शक्तिमत्-सामरस्यरूप इत्यर्थः, अत एव शक्तिशक्तिमल्लक्षणद्वयस्य निर्दलनमनिर्भातत्वेन अननुवर्तमानत्वेन, अत एव पारमार्थिकत्वेनेति भावः। अवस्थापनं तदुद्योगेन समुल्लासितोऽवच्छेदविरहादनामकरूपः समुल्लासो येन स तथा । अत एव परमोपदेश्यत्वात् प्राप्ता प्राप्तव्यैरपि सततमेव सेव्यायेत्यनेनानामकयोपास्यत्वमप्यस्य सूचितम् ।

(ग) भोगपाणे—भैरवशक्तिरूप !। एतेन शक्तिः शक्तिमांश्चेति द्वयस्य भेदप्रतिपत्तेः खण्डनम् ॥५॥

योगशो अथवा योगेशों द्वारा पूजित तथा शक्ति और शक्तिमान् के भेद का खण्डन-निर्दलन करने की प्रवृत्ति के कारण समुल्लासित स्फूर्तिशाली भैरवशक्तिरूप के लिये नमस्कार हो ॥५॥

शरत्प्रसरविक्षोभ-विसृष्टाखिलजन्तवे ।
नमो मायास्वरूपाय स्थाणवे परमेष्ठिने ॥६॥

(क) शरत् स्फारवान् उदितो यः प्रसरस्तस्य विक्षोभो विस्तारस्तेन विसृष्टा अखिलजन्तवो येन-

---

१. योगेशैः पूजितात्मने—इत्यपि पाठः ।

अत एव मायास्वरूपाय। तिष्ठत्यविचलाविनश्वररूपत्वेन इति स्थाणुः परमे पदे ब्रह्मादि-कारणान्यधिगम्य तिष्ठतीति परमेष्ठी।

(ग) थरदिति— शान्तस्य परमशिवस्यानुत्तरमूर्तेः जगत्सिसृक्षया यः स्फारवान् विक्षोभो जात-स्तेनाखिलजीवसृष्टिकर्त्रेऽत एव मायास्वरूपायेत्युक्तम्।

(घ) भेदोल्लासहेतुः, स्वातन्त्र्यशक्तिः, मायास्वरूपाय।

शान्त, परमशिव तथा अनुत्तरमूर्ति की जगत् निर्माणरूप इच्छा से जो विस्तृत विक्षोभ हुआ उससे अखिल जीवसृष्टि करनेवाले मायास्वरूप, अविचल; अवि-नश्वर तथा परमपद में स्थित भगवान् 'बहुरूप के' लिये नमस्कार हो ॥६॥

घोरसंसारसम्भोगदायिने स्थितिकारिणे।
कलादिक्षितिपर्यन्तं पालिने विभवे नमः ॥७॥

(क) घोरोऽत्यन्तभयानको यः संसारः संसृतिरूपो महान् कष्टः (महत् कष्टं) तस्य यः सम्भोगो-ऽनन्त-प्रकाशमयसुखदुःखाद्युपभोगस्तद्दायिने स्थितिनाम्नः परेश्वरकृत्यविशेषस्तस्य कारिणे, कलादिक्षितिपर्यन्तस्य मायीयस्य तत्त्ववर्गस्य पालिने कञ्चित्कालं स्थापयित्रेऽपि, स्वयं विभवे — विगतो भवः संसरणं यस्य तस्मै भवते नमः।

(ख) कलादीति— कलाप्रभृति पृथिवीतत्त्व-पर्यन्तं तत्त्वजातस्य मायीयस्य तत्त्ववर्गस्य पाल-यित्रेऽपि स्वयं विभवेऽसंसरणशीलाय।

(घ) स्थितिकारिणे — संसाररूपतया भाति तस्मै। न पुनश्चिद्रूपशिवव्यतिरिक्तं संसारस्य निजरूपं किञ्चित्, तस्मै स्थितिकारिणे ॥७॥

अत्यन्त भयानक संसाररूप कष्ट के अनन्त प्रकाशमय सुख-दुःखादि का उपभोग करानेवाले, स्थितिनामक परेश्वर की कृत्या-विशेष के कर्ता अथवा संसार के रूप में निजरूप को व्यक्त करनेवाले, कला से पृथिवीतत्त्व पर्यन्त मायीय तत्त्व-वर्ण के पालक और स्वल्पकाल के लिये उसके स्थापक तथा स्वयं संसरणरहित अथवा संसरणशील भगवान् बहुरूप के लिये नमस्कार हो ॥७॥

रेहणाय महामोहध्वान्तविध्वंसहेतवे।
हृदयाम्बुजसङ्कोचभेदिने शिवभानवे ॥८॥

(क) रेह प्रकाशने, रेहयति प्रकाश(य)ति इति रेहणस्तस्मै।

(घ) रेहणाय — प्रकाशात्मने अत एव हृत्कमलसङ्कोचनाशिने तथाऽज्ञानध्वान्तनाशिने च ॥८॥

प्रकाशात्मा, महामोहरूप अज्ञानान्धकार का विध्वंस करने में कारणभूत तथा हृदय-कमल को विकसित करनेवाले शिवरूपी सूर्य के लिये नमस्कार हो ॥८॥

भोग-मोक्ष-फलप्राप्ति-हेतु-योग-विधायिने।
नमः परम-निर्वाण-दायिने चन्द्रमौलये ॥९॥

(क) भोगमोक्षफलप्राप्तिहेतुयोगं विदधातीति तच्छीलः। मोक्षो विद्याविद्येश्वरत्वप्राप्ति-रूपः। परमनिर्वाणः सायुज्यप्राप्तिरूपः। मुक्तेर्हि परापररूपतया द्वैविध्यम्। यदुक्तं—विद्याविद्येशत्वं त्वपरा मुक्तिः परेह शिव-सम्मतेति 'चन्द्रमौलये प्रकाशाह्लादरूपाय॥

(घ) विश्वाप्यायनकृदमाख्यामृतकलारूपाय चन्द्रमौलये ॥९॥

भोग और विद्याविद्येश्वरत्व-प्राप्तिरूप मोक्ष की प्राप्ति के लिए संयोग बनाने-वाले, सायुज्यप्राप्तिरूप परमनिर्वाण के दाता एवं विश्व को सिक्त करनेवाली 'अमा'-नामकअमृतकलारूप चन्द्र को सिर पर धारण करनेवाले चन्द्रमौलि भगवान् स्वच्छन्दनाथ के लिये नमस्कार हो ॥९॥

घोष्याय सर्वमन्त्राणां सर्ववाङ्मयमूर्त्तये।
नमः शर्वाय सर्वाय सर्वपापापहारिणे[1] ॥१०॥

(क) गतार्थमेतत्।

(ख) सर्वैरपि मननत्राणस्वभावैर्मन्त्रैः परमेश्वर एव प्रकाशात्मको वस्तुतो घोष्यः—सम्बोध्यस्त-द्रूपत्वान्निखिलस्योपास्यदेवतावर्गस्येति स एव परविमर्शरूपत्वाद्विश्वात्मकाखिलविमर्श-बीजभूतत्वाच्च सर्ववाङ्मयमूर्तिः। विमर्श एव हि वस्तुतो वाक्तत्त्वम्।

(घ) शर्वायेति— भेदमयमायीयस्वरूपकरणात् सृष्टिस्थितिप्रलयसंहारमात्रतापादनेन शरण-वरणरूपः तस्मै ॥१०॥

मनन एवं त्राण-स्वभावात्मक समस्त मन्त्रों द्वारा सम्बोध्य, परविमर्शरूप विश्वात्मक अखिलविमर्श के बीजभूत—'विमर्शात्मक वाक्तत्त्वरूप' सर्ववाङ्मय-मूर्ति, सर्वपापनिवारक, सृष्टि, स्थिति एवं संहार-कर्ता तथा सभी के शरणभूत भेदमय मायीयस्वरूप (श्रीस्वच्छन्दनाथ) के लिये नमस्कार हो ॥१०॥

रवणाय रवान्ताय नमस्तेऽरावराविणे।
नित्याय सुप्रबुद्धाय सर्वान्तरतमाय ते ॥११॥

(क) रवणाय नादस्वरूपाय रवस्य नादस्यान्तस्तस्मै, अविद्यमानोऽनुच्चार्यः स्थानकरणप्रयत्नै-रनभिगम्यो—रावो यस्य सोऽरावः, रौति तच्छीलो रावी अरावश्चासौ रावी (च) तस्मै अनाहतनादरूपाय।

(ख) मायीयया वाचानुच्चार्यस्यापि परमेश्वरस्य सकलविमर्शोल्लासबीजभूतत्वेन रावित्व-मिति।

(ग) अरावराविणे-अनाहतनादरूपाय।

---

१. 'सर्वपाशापहारिणे'—इत्यपि पाठः।

(घ) श्रीस्वच्छन्दतन्त्रे :—

नादं वै व्यापकं ध्यायेदहोरात्रायनेषु च।
नाड्याधारस्तु नादो वै भित्त्वा सर्वमिदं जगत्॥
अधःशक्त्या विनिर्गत्य यावद् ब्रह्माणमूर्ध्वतः।
नाड्या ब्रह्मबिले लीनस्त्वव्यक्तध्वनिरक्षरः।
नदते सर्वभूतेषु शिवशक्त्या त्वधिष्ठितः॥ इति ॥११॥

नाद, नादान्त, अनाहत, नित्य, सुप्रवुद्ध एवं सर्वान्तरतम—सर्वान्तर्यामी के लिये नमस्कार हो ॥११॥

घोष्याय परनादान्तश्चराय खचराय ते।
